Daily Current Affairs 08/04/2021

1. फोर्ब्स की अरबपतियों की सूची में जेफ बेजोस सबसे ऊपर; मुकेश अंबानी नंबर 10 पर है

फोर्ब्स ने अपनी 35वीं वार्षिक विश्व की अरबपतियों की सूची 2021 जारी की है।

- **जेफ बेजोस** 177 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे वर्ष के लिए दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।
- भारत के **मुकेश अंबानी** एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं, नंबर 10 पर है।
- फोर्ब्स की 35वीं विश्व की सबसे धनी वार्षिक सूची में अरबपतियों की संख्या बढ़कर 2755 हो गई है। कुल मिलाकर इनकी कीमत 13.1 ट्रिलियन डॉलर है।
- **भारत** के पास अमेरिका (724) और चीन (698) के बाद विश्व में **140 के साथ अरबपतियों की तीसरी सबसे बड़ी संख्या** है।

रैंक	नाम	वेल्थ	कंपनी
1	जेफ बेजोस	177 अरब डॉलर	अमेज़न
2	एलन मस्क	151 अरब डॉलर	टेस्ला, स्पेसएक्स
3	बर्नार्ड ऑरनॉल्ट	150 अरब डॉलर	LVMH
10	मुकेश अंबानी	84.5 अरब डॉलर	रिलायंस इंडस्ट्रीज

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

2. **स्टैंड-अप इंडिया योजना: बैंकों द्वारा 5 वर्षों में 25,586 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मंजूर की गयी**

- योजना की शुरुआत से 23 मार्च, 2021 तक स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत 1,14,322 से अधिक खातों के लिए 25,586 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।
- **स्टैंड-अप इंडिया योजना के बारे:** इसे 5 अप्रैल 2016 को शुरू किया गया था।
- इस योजना का विस्तार, वर्ष 2025 तक किया गया है।
- स्टैंड-अप इंडिया का उद्देश्य महिलाओं तथा अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) समुदाय के लोगों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है।
- स्टैंड अप इंडिया योजना ग्रीनफ़ील्ड उद्यम स्थापित करने के लिए प्रत्येक बैंक शाखा द्वारा कम से कम एक SC या ST के उधारकर्ता और कम से कम एक महिला उधारकर्ता को 10 लाख और 1 करोड़ के बीच बैंक ऋण की सुविधा देती है। यह उद्यम विनिर्माण, सेवाओं या व्यापारिक क्षेत्र में हो सकता है।

3. **प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण: पहले चरण में 92% लक्ष्य प्राप्त किया गया**

- **प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (PMAY-G)** योजना के पहले चरण में यानी 2016-17 से 2018-19 तक एक करोड़ घरों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 92% लक्ष्य पूरा हो गया है।

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

- सरकार को भरोसा है कि स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल सभी घर अमृत महोत्सव के अंत तक पूरे हो जाएंगे।
- **प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (PMAY-G) के बारे में:** यह भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है जो 2022 तक "सभी के लिए आवास" प्रदान करने के महान उद्देश्य से प्रेरित है।
- नवंबर 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना की शुरूआत की थी

4. भारत ने BRICS के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर की पहली बैठक की मेजबानी की

- 6 अप्रैल, 2021 को भारत की अध्यक्षता के तहत BRICS वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर की यह पहली बैठक थी।
- बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री शक्तिकांता दास ने संयुक्त रूप से की।
- बैठक के दौरान वित्त मंत्री द्वारा 2021 में न्यू डेवलपमेंट बैंक की प्राथमिकताओं पर चर्चा और सदस्यता विस्तार के मुद्दों पर चर्चा की गई।
- **नोट:** इस वर्ष BRICS का विषय **"BRICS@15: निरंतरता, समग्रता और सहमति के लिए BRICS देशों के बीच सहयोग"** है।
- **नोट:** 2021 में **13वीं BRICS शिखर सम्मेलन** भारत की अध्यक्षता के तहत आयोजित किया जाएगा, और यह तीसरी बार हो जाएगा की भारत 2012 और 2016 के बाद BRICS शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- **BRICS के बारे में तथ्य:**

स्थापना: 2009

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

देश: ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका

5. **केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (IHIP) की शुरुआत की**

- एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच वर्तमान में इस्तेमाल किए जा रहे **एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (IDSP)** की अगली पीढ़ी का अत्यधिक परिष्कृत संस्करण है।
- पहले की 18 बीमारियों की तुलना में अब 33 रोगों पर नजर रखने के अलावा यह डिजिटल मोड में निकट वास्तविक समय के डाटा को सुनिश्चित करेगा।
- यह विश्व का सबसे बड़ा ऑनलाइन रोग निगरानी मंच है। यह राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के साथ मेल खाता है और वर्तमान में भारत में उपयोग किए जा रहे अन्य डिजिटल सूचना प्रणालियों को लेकर पूरी तरह अनुकूल है।

6. **रूस ने जानवरों के लिए दुनिया का पहला COVID-19 टीका 'कार्निवैक-कोव' पंजीकृत किया**

- कृषि सुरक्षा प्रहरी रोसेलखोजनाडज़ोर के अनुसार, रूस ने COVID -19 के खिलाफ जानवरों के लिए दुनिया के पहले वैक्सीन 'कार्निवैक-कोव' को पंजीकृत किया है, परीक्षण

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

के बाद यह कुत्तों, बिल्लियों, लोमड़ियों और मिंक में वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी उत्पन्न करता है।

- **नोट:** रूस में पहले से ही मनुष्यों के लिए तीन कोरोनावायरस वैक्सीन हैं: स्पुतनिक वी, एपिवैककोरोना और कोविवैक।

7. **चिंतन वैष्णव को अटल इनोवेशन मिशन के लिए नए मिशन निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया**

• विख्यात सामाजिक-तकनीकविद् डॉ चिंतन वैष्णव को अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के नए मिशन निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

• वह रामनाथन रमनन का स्थान लेंगे, जो जून 2017 से AIM के पहले मिशन निदेशक के रूप में नेतृत्व करते रहे थे।

- डॉ वैष्णव अमेरिका के मैसेच्यूट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अपने वर्तमान कार्यभार से अब AIM के प्रमुख का कार्यभार संभालेंगे।
- **अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के बारे में:** यह देश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए NITI आयोग द्वारा स्थापित एक प्रमुख पहल है और इसे 2016 में स्थापित किया गया था।

8. **गुयेन जुआन फुक ने वियतनाम के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली: फाम मिन्ह चिन ने प्रधानमंत्री के रूप में**

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

- गुयेन जुआन फुक को औपचारिक रूप से वियतनामी राजधानी हनोई में राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई है।
- गुयेन जुआन फुक वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के, पिछले पांच वर्षों से वियतनाम के प्रधानमंत्री थे।
- वियतनाम की नेशनल असेंबली ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में, वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के फाम मिन्ह चिन, एक करियर सिक्योरिटी ऑफिसियल, की पुष्टि की।
- **वियतनाम के बारे में तथ्य:**

राजधानी: हनोई

मुद्रा: वियतनामी डोंग

9. **नितिन गोखले द्वारा 'मनोहर पर्रिकर: ब्रिलिएंट माइंड, सिंपल लाइफ' शीर्षक एक पुस्तक**



- यह पुस्तक लेखक द्वारा मनोहर पर्रिकर को व्यक्तिगत श्रद्धांजलि के रूप में, पर्रिकर के व्यक्तित्व, राजनीतिज्ञ और देशभक्ति के बारे में वर्णन की एक ईमानदार कोशिश है।

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests

- मनोहर पर्रिकर भारत के पहले IIT- क्वालिफाइड मुख्यमंत्री थे। उन्होंने गोवा के मुख्यमंत्री और भारत के रक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया।
- **नितिन गोखले** दक्षिण एशिया के प्रमुख रणनीतिक विश्लेषकों में से एक, प्रसिद्ध लेखक, मीडिया ट्रेनर और एक विशेष रक्षा संबंधित वेबसाइट BharatShakti.in और स्ट्रेटेजिक न्यूज़ इंटरनेशनल के संस्थापक हैं।
- पुस्तक ब्लूम्सबरी द्वारा प्रकाशित की गई है।

gradeup

Gradeup Rajasthan State Exams Green Card Subscription
(RAS, Rajasthan Police Constable, Rajasthan Patwari)
Get Unlimited Access to 25+ Mock Tests